# KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN

# RANCHI REGION

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

## SESSION ENDING EXAMINATION 2018 - 19

**CLASS - IX** **MARKS : 80**

**SUBJECT : HINDI** **TIME : 3 HOURS**

---

निर्देश –

1. इस प्रश्न – पत्र के चार खंड हैं – क,ख,ग,घ ।

2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

**(खंड – क)**

1. निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें – (8)

साहित्य समाज का दर्पण होता है। साहित्य के द्वारा साहित्यकार समाज में सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना जगाता है । मानवीय– मूल्यों का प्रचार – प्रसार करना ही तो अंतिम उद्येश्य होता है । बदलते संदर्भों को ध्यान में रखते हुए साहित्यकार अपना साहित्य लिखता है। यही कारण है कि आज साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न विचार – प्रवाह तथा वाद निर्मित हुए है। आधुनिक काल में व्यक्ति की आशा – आकांक्षा, निराशा, पीड़ा, दुःख – दर्द, समस्याएँ व्यक्ति एवं जातिपरक होते हुए प्रायः अलग – अलग बनी हुई हैं। उनके अनुसार ही जाति वर्ग सापेक्ष्य साहित्य का निर्माण हो रहा है, ऐसे साहित्य में दलित, आदिवासी, स्त्रीवादी मार्क्सवादी तथा गांधीवादी साहित्यिक विचार – प्रवाह प्रमुख हैं।

(क) "साहित्य समाज का दर्पण है।" कैसे ? (2)

(ख) आजकल किस प्रकार के साहित्य की रचना हो रही है ? (2)

(ग) साहित्यकार किसको ध्यान में रखकर साहित्य लिखता है ? (2)

(घ) साहित्य का अंतिम एवं विशिष्ट लक्ष्य क्या है ? (1

(ङ) 'प्रचार – प्रसार' शब्द में प्रयुक्त समास बताइए । (1

2. निम्नलिखित काव्यान्श को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें – (8

चिड़िया को लाख समझाओ

कि पिंजरे के बाहर

धरती बहुत बड़ी है, निर्मम है

वहाँ हवा में उसे

अपने जिस्म कि गंध तक नहीं मिलेगी

यूँ तो बाहर समुद्र है, नदी है, झरना है

पर पानी के लिए भटकना है

यहाँ कटोरी में भरा जल गटकना है

बाहर दाने का टोटा है

यहाँ चुग्गा मोटा है

बाहर बहेलिए का डर है

यहाँ निर्द्वंद्व कंठ स्वर है
फिर भी चिड़ियामुक्ति का गाना गाएगी
मारे जाने की आशंका से भरे होने पर भी
पिंजरे से जितना अंग निकल सकेगा, निकालेगी
हरसूँ ज़ोर लगाएगी
और पिंजरा टूट जाने या खुल जाने पर उड़ जाएगी ।

(क) कवि के अनुसार धरती कैसी है? (1)

(ख) चिड़िया को बाहर किसके लिए भटकना पड़ेगा? (1)

(ग) चिड़िया को बाहर किसका डर है? (1)

(घ) पिंजरे में उसे क्या–क्या सुविधाएं प्राप्त हैं? (2)

(ङ) सुविधाएं होने पर भी चिड़िया पिंजरे से बाहर क्यों जाना चाहती है? (2)

**<u>अथवा</u>**

मैंने छुटपन में छिपकर पैसे बोए थे
सोचा था कि पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे
रुपयों की फलदार मधुर फसलें खनकेंगी
और फूल – फूल कर, मैं मोटा सेठ बनूँगा ।
पर बंजर धरती में एक न अंकुर फूटा,

बंध्या मिट्टी ने न एक भी पैसा उगला,
सपने जाने कहाँ मिटे, सब धूल हो गए
मैं हताश हो बाट जोहता रहा दिनों तक
बाल–कल्पना के अपलक पांवड़े बिछाकर
मैं अबोध था, मैंने गलत बीज बोए थे
ममता को रोपा था, तृष्णा को सींचा था ।

(क) कवि ने किस अवस्था में बीज बोए थे ? (1)

(ख) कवि ने पैसे क्यों बोए थे ? (2)

(ग) कवि हताश क्यों हो गया ? (1)

(घ) कवि को अपनी गलती का एहसास कैसे हुआ ? (2)

(ङ) 'बंजर' शब्द का विलोम रूप लिखें । (1)

## (खंड–ख)

3. (क) 'मानवता' एवं 'विदेश' में मूल शब्द बताइए । (1)

(ख) 'सहानुभूति' एवं 'सुचालित' में उपसर्ग अलग करो । (1)

(ग) 'लड़ाकू' शब्द में प्रयुक्तप्रत्यय छाटों । (1)

(घ) 'इयल' प्रत्यय का प्रयोग कर दो शब्दों का निर्माण करें । (1)

4. समास का विग्रह कर समास का नाम लिखें – (3)

भरपेट, त्रिलोचन, राजमहल ।

5. कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – (1x4=4)

(क) आपको समारोह में भाग लेने जाना है ।(प्रश्नवाचक वाक्य में बदलें)

(ख) अरे, सुरेश स्कूल जाएगा । (निषेधवाचक वाक्य में बदलें)

(ग) शायद आज पिता जी आएंगे । (वाक्य–भेद लिखें)

(घ) राम आज चलचित्र देखो । (वाक्य–भेद लिखें)

6. (क) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अलंकार बताइए । (1x4=4)

1. बाल बिलोकि बहुत मैं बाँचा । (1)

2. सिर उसका फट गया वही,

मानो अरुण रंग का घड़ा । (1)

3. निर्धन के धन–सी तुम आई । (1)

(ख) मानवीकरण अलंकार का उदाहरण दें । (1)

## (खंड–ग)

7. निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें – (5)

अब हमें विकट डांडा थोड़्ला पार करना था। डांडे तिब्बत में सबसे खतरे की जगहें हैं। उनके दोनों तरफ मीलों तक कोई गाँव – गिरांव नहीं होते । नदियों के मोड़ और पहाड़ों के कोनों के कारण बहुत दूर तक आदमी को देखा नहीं जा सकता । डाकुओं के लिए यही सबसे अच्छी जगह है। तिब्बत में गाँव में आकर खून हो जाए, तो

खूनी को सजा भी मिल सकती है, लेकिन इन निर्जन स्थानों में मरे हुए आदमियों क लिए कोई परवाह नहीं करता। सरकार खुफ़िया – विभाग और पुलिस पर उतना खच नहीं करती और गवाह भी तो कोई नहीं मिल सकता। डकैत पहिले आदमी को मा डालते हैं, उसके बाद देखते हैं कि कुछ पैसा है कि नहीं। हथियार का कानून न रह के कारण यहाँ लाठी की तरह लोग पिस्तौल, बंदूक लिए फिरते हैं। डाकू यदि जान न मारे तो खुद उसे अपने प्राणों का खतरा रहता है।

(क) निबंध एवं निबंधकार का नाम लिखिए । (1)

(ख) निर्जन स्थानों पर खून की सजा होना क्यों कठिन हैं ? (2)

(ग) तिब्बत में लोग लाठी की बजाय पिस्तौल या बंदूक क्यों रखते हैं ? (2)

**अथवा**

अपने परिवार में मैं कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्न हुई । मेरे परिवार में प्रायः दो सौ व तक कोई लड़की थी ही नहीं । सुना है, उसके पहले लड़कियों के पैदा होते परमधाम भेज देते थे। फिर मेरे बाबा ने बहुत दुर्गा पूजा की। हमारी कुल – देवी दु थी। मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बहुत खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहना पड़ा अन्य लड़कियों को सहना पड़ता है।

(क) पाठ एवं लेखिका का नाम लिखिए। (1

(ख) महादेवी के जन्म के समय समाज में लड़कियों की दशा कैसी थी ? (2

(ग) महादेवी का पालन–पोषण अन्य लड़कियों से भिन्न कैसे और क्यों हुआ ? (2

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए – (2x4=

(क) कहानी में बैलों के माध्यम से कौन – कौन से नीति – विषयक मूल्य उभर कर सामने आए हैं ?

(ख) लेखक द्वारा सालिम अली के व्यक्तित्व का जो चित्र खींचा गया है उसे अपने शब्दों में लिखें।

(ग) बालिका मैना के चरित्र की कौन – कौन सी विशेषताएँ आप अपनाना चाहेंगे और क्यों?

(घ) पाठ में 'टीले' शब्द का प्रयोग किन संदर्भों को इंगित करने के लिए किया गया होगा ?

9. निम्नलिखित काव्यान्श को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें – (5)

मोकों कहाँ ढूंढें बंदे, मैं तो तेरे पास में,
ना मैं देवल ना मैं मस्जिद, ना काबे कैलास में।
न तो कोने क्रिया – क्रम में नहीं योग बैराग में,
खोजी हो तो तुरतैं मिलिहौं, पल भर की तलाश में।
कहैं कबीर सुनो भई साधो, सब स्वांसों की स्वांस में ।।

(क) मनुष्य ईश्वर को कहाँ–कहाँ ढूँढता है? (2)

(ख) लोग ईश्वर को पाने के लिए क्या–क्या करते हैं? (2)

(ग) 'स्वांसों की स्वांस' से क्या तात्पर्य है? (1)

**अथवा**

चुप खड़ा बगुला डुबाए टांग जल में,

देखते ही मीन चंचल

ध्यान – निंद्रा त्यागता है,

चट दबा कर चोंच में

नीचे गले के डालता है।

एक काले माथ वाली चतुर चिड़िया

श्वेत पंखों के झपाटे मार फौरन

टूट पड़ती है भरे जल के हृदय पर,

एक उजली चटुल मछली

चोंच पीली में दबा कर

दूर उड़ती है गगन में।

(क) कविता एवं कवि का नाम लिखिए। (1)

(ख) बगुले का वर्णन अपने शब्दों में करें। (2)

(ग) काले माथ वाली चिड़िया की चतुराई का वर्णन करें। (2)

10. निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए – (2x4=8)

(क) कवयित्री द्वारा मुक्ति के लिए किए जाने वाले प्रयास व्यर्थ क्यों हो रहे हैं ?

(ख) ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन – किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है ?

(ग) कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यंत्रणाओं का वर्णन कीजिए ।

(घ) मेघ रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुए ?

(ङ) बच्चों का काम पर जाना एक बड़े हादसे के समान क्यों है ?

11. शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की समाज को कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए । (4)

**अथवा**

'गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए।' इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

**(खंड–घ)**

12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर निबंध लिखिए । (10)

(क) वन रहेंगे– हम रहेंगे

**संकेत बिन्दु –**

वृक्षों का महत्त्व

जीवन का आधार

पर्यावरण के लिए आवश्यकता

जीवों का संरक्षण

संरक्षण की आवश्यकता

(ख) नोटबंदी – एक बड़ा कदम

**संकेत बिन्दु –**

कब

क्यों

सामाजिक दशा

जनता की परेशानी

उपसंहार

(ग) युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृति

**संकेत बिन्दु –**

तनावपूर्ण जीवन

नशे की प्रवृति

युवावर्ग की गत

नशे से हानि

समाज एवं परिवार का उत्तरदायित्व

(घ) ग्लोबल वार्मिंग

**संकेत बिन्दु**

भूमिका

अर्थ

कारण

हानियाँ

बचाव के उपाय

13. आगामी ग्रीष्मावकाश को किसी पर्वतीय स्थान पर व्यतीत करने के लिए अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए । (5)

**अथवा**

अपने विद्यालय में सम्पन्न हुए वृक्षारोपण समारोह का परिचय देते हुए प्रसिद्ध समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

14. आतंकवाद से कश्मीर के बिगड़ते हालत पर दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए । (5)

**अथवा**

मातृभाषा की उपेक्षा पर दुःख व्यक्त करते हुए दो व्यक्तियों के बीच संवाद लिखिए ।